**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–02.02.2025 (सुबह 08:30 बजे)**

**मुख्य समाचार**

- **आम बजट में झारखंड को भी सौगात, केंद्रीय करों में चार हजार चार सौ तिरासी करोड़ हिस्सा बढ़ा, सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 योजना से राज्य के करीब चार लाख कुपोषित बच्चों को मिलेगा फायदा।**
- **केंद्रीय बजट में न्यूनतम कृषि ऋण की राशि तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख की गई, राज्य के 18 लाख किसानों को होगा लाभ।**
- **भ्रष्टाचार के खिलाफ सीबीआई की बड़ी कार्रवाई, नैक निरीक्षण समिति के चेयरमैन और रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के कुलपति समरेंद्रनाथ शाहा समेत 10 लोगों को किया गिरफ्तार।**
- **मौसम विभाग के अनुसार राज्य में न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं, पिछले 24 घंटे के दौरान शुष्क रहा मौसम। और,**
- **भारत और इंग्लैंड के बीच टी–20 क्रिकेट श्रृंखला का पांचवां और अन्तिम मैच आज शाम मुंबई में खेला जाएगा।**

***********************

केंद्रीय बजट में झारखंड को भी सौगात मिली है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय करों में झारखंड की हिस्सेदारी चार हजार चार सौ तिरासी करोड़ बढ़ाकर करीब सैंतालीस हजार चालीस करोड़ कर दी है। पिछले बजट में इस मद में राज्य को करीब 42 हजार पांच सौ संतावन करोड़ मिले थे। बजट में अगले पांच साल में 75 हजार मेडिकल सीट बढ़ाने की घोषणा की गई है इसमें झारखंड के आठ मेडिकल कॉलेजों में यूजी और पीजी की 250 सीटें बढ़ सकती है।

***********************

बजट में सक्षम आंगनबाड़ी योजना की घोषणा की गई है। इसके तहत देश के 20 राज्यों में 11 हजार से अधिक सक्षम आंगनबाड़ी योजना की घोषणा की गई है। राज्य में सात हजार से अधिक सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण चल रहा है। इससे राज्य के करीब तीन लाख 90 हजार कुपोषित बच्चों को फायदा होगा। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कोडरमा सांसद और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने प्रधानमंत्री और वित्तमंत्री का आभार जताया है।

***********************

बजट में की गई गई घोषणा के मुताबिक कृषि ऋण की राशि तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख की गई है। राज्य के करीब 35 लाख किसानों को फायदा होगा। बता दें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के सभी 35 लाख किसानों को केसीसी से जोड़ने का निर्देश दिया है।

***********************

जमशेदपुर में बजट पेश किए जाने के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। जमशेदपुर घोड़ाबांदा स्थित अपने आवास में उन्होंने बातचीत के दौरान कहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे देश विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है वहीं केंद्र सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा जो बजट प्रस्तुत किया गया है वह काफी सराहनीय है।

केंद्र सरकार के द्वारा पेश किया गया बजट का जामताड़ा वासियों ने विशेष कर व्यवसायियों ने स्वागत किया है। व्यवसायी प्रमोद कुमार ने कहा है कि इस बजट में किसानों , व्यवसाय से जुड़े लोगों सहित आम लोगों का हित का ख्याल रखा गया है । मध्यम वर्ग के लोगों के प्रयोग में आने वाले वस्तुएं जैसे लेदर से बने सामान, मोबाइल इलेक्ट्रिकल समान , कपड़े, किसानों के लिए उपकरणों के मूल्यों में कमी की गई है।

*******************

गुमला जिले के वकीलों और आम नागरिकों ने आम बजट का स्वागत किया है। वकीलों और नागरिकों ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट आम आदमी को केंद्र में रखकर प्रस्तुत किया गया है काफी सराहनीय है। इस बजट से सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिलेगा।

*******************

सिमडेगा जिले में लोगों ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट का स्वागत किया है। लोगों ने कहा कि इस बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। चैंबर ऑफ़ कॉमर्स सिमडेगा के अध्यक्ष मोतीलाल अग्रवाल ने कहा कि इससे आम लोगों को फायदा होगा। व्यापारी वर्ग भी खुश है। अधिवक्ता नारायण बंसल ने बजट को स्वागत योग्य और सराहनीय बताया है।

*******************

केंद्रीय जांच ब्यूरो, सीबीआई ने भ्रष्टाचार के एक मामले में नैक निरीक्षण समिति के चोरमैन और रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के कुलपति समरेंद्रनाथ साहा सहित दस लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों पर सर्वश्रेष्ठ रेटिंग के बदले रिश्वत लेने का आरोप है। सीबीआई को आरोपियों के ठिकानों से सैंतीस लाख नगद और छह लैपटॉप मिले हैं।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज चाईबासा और दुमका जाएंगे। चाईबासा के टोंटो प्रखंड स्थित सेरेंगसिया जाकर शहीद पोटो हो को श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद दुमका में झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगे।

*******************

हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने बड़कागांव अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह मौजूद रहे। अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने लगान परिशोधन पोर्टल में आए शिकायतों का तेजी से निष्पादन करने को कहा साथ ही लगान के वसूली लक्ष्य के अनुरूप करने का निर्देश दिया। एलए एक्ट के तहत आने वाले कंपनियों से संबंधित म्यूटेशन के कार्यों में गंभीरता बरतने का निर्देश दिया।

*******************

मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले पांच दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। वहीं पिछले 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क रहा। वहीं राज्य के दक्षिण पूर्वी भाग में कहीं– कहीं हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा देखा गया। अधिकतम तापमान सबसे ज्यादा सरायकेला में 34 डिग्री सेल्सियस और कम न्यूनतम तापमान चतरा का 10 डिग्री दर्ज किया गय।

*******************

भारत और इंग्लैं ड के बीच टी–20 क्रिकेट श्रृंखला का पांचवां और अन्तिम मैच आज शाम मुंबई में खेला जाएगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे से शुरू होगा। टी–20 श्रृंखला के बाद दोनों टीमों के बीच तीन एकदिवसीय मैच खेले जाएंगे। पहला मैच पांच फरवरी को, दूसरा 9 फरवरी और तीसरा 12 फरवरी को खेला जायेगा। इधर मलेशिया के कुआलालंपुर में आईसीसी अंडर–19 महिला टी–20 विश्व कप के फाइनल में आज मौजूदा चैंपियन भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 12 बजे शुरू होगा। भारत ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 9 विकेट से हराया। वहीं दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर फाइनल में पंहुचा है।

*******************

श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में हैदराबाद तूफान को फाइनल में 4–3 से हराकर पुरुष हॉकी इंडिया लीग का खिताब जीत लिया। जुगराज सिंह की हैट्रिक और सैम लेन के अहम गोल की बदौलत टाइगर्स ने चैंपियनशिप जीत ली और शीर्ष पुरस्कार अपने नाम कर लिया।

*******************

**अब राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी अखबारों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किये आम बजट–2025 से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर ने लिखा है**– मिला उम्मीद से ज्यादा।

**वहीं दैनिक भास्कर ने लिखा है**– वेतनभोगियों का वसंत, 12 लाख रूपये तक की आय पर अब कोई कर नहीं।

**दैनिक जागरण और रांची एक्सप्रेस ने भी** आम बजट की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान ने** सीबीआई द्वारा नैक निरीक्षण टीम के अध्यक्ष सहित 10 लोगों के गिरफ्तार किये जाने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

**वहीं अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने** बजट पर प्रधानमंत्री की प्रतिकिया को प्रमुखता दी है।

*********समाप्त*********